## अभ्यास पत्रक

### पाठ: 9 - चिड़िया

नाम :- ............ कक्षा :- ........... अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

---

**1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर चुनें। (5 अंक)**

**(i) कविता के अनुसार, चिड़िया कहाँ बैठकर गाती है?**

(क) नीम की डाली पर (ख) पीपल की ऊँची डाली पर

(ग) आम के पेड़ पर (घ) घर की छत पर

**(ii) चिड़िया अपनी बोली में बंदी मानव को कौनसा मंत्र बताती है?**

(क) धन कमाने का मंत्र (ख) प्रेम-प्रीति का मंत्र

(ग) मुक्ति का मंत्र (घ) परिश्रम का मंत्र

**(iii) पक्षियों का घर कहाँ है?**

(क) पेड़ों पर बने घोंसले (ख) ऊँची चट्टानें

(ग) पूरा आसमान (घ) नदियों के किनारे

**(iv) पक्षियों के मन में क्या नहीं होता है?**

(क) खुशी और आनंद (ख) लोभ और पाप

(ग) एकता की भावना (घ) उड़ने की इच्छा

**(v) पक्षी अपने श्रम से मिले भोजन का क्या करते हैं?**

(क) सारा खा लेते हैं

(ख) भविष्य के लिए जमा करते हैं

(ग) अपनी जरूरत भर लेते हैं और बचा हुआ दूसरों के लिए छोड़ देते हैं

(घ) दूसरों से छीन लेते हैं

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें। (5 अंक)**

(i) कविता में चिड़िया हमें कौन-सी रीति सिखाती है?

उत्तर- ........................................................................................................

(ii) वन में सभी पक्षी आपस में कैसे रहते हैं?

उत्तर- ........................................................................................................

(iii) पक्षी रात में कहाँ सो जाते हैं?

उत्तर- ........................................................................................................

(iv) पक्षी आकाश में कैसे विचरण करते हैं?

edyanarchive

उत्तर- ..........................................................................

(v) यह कविता किस कवि द्वारा लिखी गई है?

उत्तर- ..........................................................................

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें। (3 x 2 = 6 अंक)**

(i) "सब मिल-जुलकर रहते हैं वे, सब मिल-जुलकर खाते हैं" - इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

उत्तर- ..........................................................................

..........................................................................

(ii) कविता में पक्षियों के किन गुणों को मनुष्य से बेहतर बताया गया है? कोई दो गुण लिखिए।

उत्तर- ..........................................................................

..........................................................................

(iii) "हम स्वच्छंद और क्यों तुमने डाली है बेड़ी पग में?" - इस पंक्ति के माध्यम से पक्षी मनुष्य से क्या कहना चाहते हैं?

उत्तर- ..........................................................................

..........................................................................

**4. निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्न का उत्तर विस्तार से दें। (4 अंक)**

(i) चिड़िया मानव को क्या संदेश देने आती है? कविता के आधार पर विस्तार से समझाइए कि मनुष्य पक्षियों के जीवन से क्या-क्या सीख सकता है।

उत्तर- ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

egyanarchive

## उत्तर कुंजी (वर्कशीट - 1)

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न:**

(i) (ख) पीपल की ऊँची डाली पर

(ii) (ग) मुक्ति का मंत्र

(iii) (ग) पूरा आसमान

(iv) (ख) लोभ और पाप

(v) (ग) अपनी जरूरत भर लेते हैं और बचा हुआ दूसरों के लिए छोड़ देते हैं

**2. एक वाक्य में उत्तर:**

(i) कविता में चिड़िया हमें प्रेम-प्रीति की रीति सिखाती है।

(ii) वन में सभी पक्षी आपस में हिल-मिलकर रहते हैं।

(iii) पक्षी रात में पेड़ों पर सो जाते हैं।

(iv) पक्षी आकाश में निर्भय होकर विचरण करते हैं।

(v) यह कविता आरसी प्रसाद सिंह द्वारा लिखी गई है।

**3. संक्षिप्त उत्तर:**

(i) इन पंक्तियों का भाव है कि पक्षियों में एकता और समानता की भावना होती है। वे बिना किसी भेदभाव के एक साथ रहते हैं और जो भी भोजन उन्हें मिलता है, उसे आपस में मिल-बाँट कर खाते हैं।

(ii) कविता में पक्षियों के दो गुण मनुष्य से बेहतर बताए गए हैं: (1) उनमें लालच और पाप की भावना नहीं होती। (2) वे अपनी मेहनत से मिली चीज से ही संतोष कर लेते हैं और दूसरों का माल हड़पने की इच्छा नहीं रखते।

(iii) इस पंक्ति के माध्यम से पक्षी मनुष्य से कह रहे हैं कि हम (पक्षी) तो आजाद हैं, लेकिन तुमने (मनुष्य) अपने पैरों में लालच, मोह और संग्रह की बेड़ियाँ क्यों डाल रखी हैं, जो तुम्हारी स्वतंत्रता में बाधक हैं।

**4. दीर्घ उत्तरीय उत्तर:** (i) चिड़िया मानव को प्रेम, एकता, संतोष और स्वतंत्रता का संदेश देने आती है। कविता के अनुसार, मनुष्य पक्षियों से कई बातें सीख सकता है:

- **मिल-जुलकर रहना:** जैसे सभी पक्षी आपस में प्रेम और एकता से रहते हैं, वैसे ही मनुष्यों को भी रहना चाहिए।
- **संतोष:** पक्षी अपनी मेहनत से जितना कमाते हैं, उतने में ही संतुष्ट रहते हैं। वे लालच में पड़कर संसार का सारा माल हड़पना नहीं चाहते। मनुष्य को भी संतोषी स्वभाव अपनाना चाहिए।
- **बाँटकर खाना:** पक्षी अपनी जरूरत भर लेकर बचा हुआ दूसरों के लिए छोड़ देते हैं। यह परोपकार और साझा करने की भावना मनुष्य सीख सकता है।
- **बंधन-मुक्त जीवन:** पक्षी मनुष्यों को कहते हैं कि वे भौतिक चीजों (सोने की कड़ियां) और आपसी द्वेष के बंधनों को तोड़कर उनकी तरह स्वतंत्र और स्वच्छंद जीवन जिएँ।